# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर प्रस्तुत किए शोध

देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी में देश-दुनिया के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता पर शोध पत्र प्रस्तुत किए और उसकी बढ़ती उपयोगिता पर अपने विचार रखे। यूपीईएस स्कूल आफ डिजाइन ने ह्यूमैन कम्प्यूटर इंटरेक्शन (एचसीआइ) के क्षेत्र में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन फार कंप्यूटिंग मशीनरी एसीएम का सहयोग लिया गया। कान्फ्रेंस में आइडीसी स्कूल आफ डिजाइन के प्रो. वेंकटेश राजामणिक्कम, आइआइटी मुंबई के प्रो. जेनेट रीड यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल लंकाशायर ब्रिटेन लारेंस लू, एक्सोफैंस एआइ के संस्थापक डा. बलविंदर सिंह, सैमसंग इंडिया के वीपी सिंह ने विचार रखे। (जासं)